लोकतंत्र बचाओ भीड़ तंत्र हटाओ अभियान की तैयारी को लेकर भाजपा की बैठक

छपरा(आससे)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा देशव्यापी अभियान लोकतंत्र बचाओ भीड़ तंत्र हटाओ अभियान की तैयारी को लेकर भाजपा सारण की जिला बैठक जिला अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में फोरलेन स्थित भाजपा जिला कार्यालय के अटल सभागार में संपन्न हुई उक्त बैठक मुख्य रूप से कांग्रेस द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहण पुनरीक्षण एस आई आर और चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्थाओं पर उठाए जा रहे हैं सवालों और उनके अराजक प्रदर्शनी के पलटवार में शुरू किया गया है

ने कहा कि लोकतंत्र में विरोध और असहमति का अधिकार सभी को है किंतु हार से बहताश विपक्ष अब संवैधानिक मर्यादाओं को ताक पर रखकर सड़कों पर भीड़ तंत्र और अराजकता के सहारे समानांतर व्यवस्था बनाने की खतरनाक कोशिश कर रहा है

ने बैठक को प्रदेश मंत्री जन्मेजय जी ने संबोधित करते हुए कहा कि विपक्ष मुख्य चुनाव आयुक्त और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण एस आई आर प्रक्रिया पर विपक्ष द्वारा लगाए जा रहे झूठे और मनगढ़ंत आरोप केवल अपनी राजनीतिक जमीन खिसकने की बौखलाहट है भाजपा जिला अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह ने कहा कि



भाजपा का यह स्पष्ट संकल्प है कि लोकतंत्र की जननी भारत में किसी भी कीमत पर भीड़ तंत्र याराजकता को हावी नहीं होने दिया जाएगा देश की जागरूकता के सहयोग से संवैधानिक मूल्य लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं और राष्ट्रहित की रक्षा के लिए भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी दृढ़ता के साथ खड़ा है रहेगा पूर्व जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश उपाध्याय जिला अध्यक्ष ने बताया कि इस अभियान के सफल संचालन हेतु जिला पदाधिकारी सांसदों और विधायकों की टीम गठित की गई है अभियान के तहत जिला पदाधिकारी सांसद और विधायकों की टीम गठित की गई है अभियान के तहत प्रत्येक प्रखंड मुख्यालय पर बड़ी संख्या में पद यात्राएं राष्ट्रीय चिंतन संवाद छात्रों विश्वविद्यालय के युवा से संवाद किया जाएगा बैठक को संबोधित करने वालों में मुख्य रूप से महामंत्री विवेक कुमार सिंह महामंत्री धर्मेंद्र कुमार शाह महामंत्री निरंजन शर्मा पूर्व प्राचार्य अरुण कुमार सिंह पूर्व प्रत्याशी धर्मेंद्र सिंह कार्यालय मंत्री और अर्धनदु शेखर मुख्य प्रवक्ता प्रकाश रंजन नीकू प्रवक्ता सुशील कुमार सिंह सत्या सिंह बलवंत सिंह राजीव कुमार सिंह आदि प्रमुख थे

वाहन की टक्कर से 50 वर्षीय किसान की मौत

मढ़ौरा (ससु)। मढ़ौरा प्रखंड में शनिवार को सड़क हादसे में एक 50 वर्षीय किसान की मौत हो गई। मृतक की पहचान गौरा थाना क्षेत्र के गोपालपुर निवासी अवधेश कुमार सिंह के रूप में हुई है। वे खाद खरीदने के लिए गोपालपुर जवइनियां जा रहे थे, तभी रास्ते में एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी और चालक वाहन लेकर फरार हो गया।

हादसे के बाद अवधेश सिंह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क किनारे काफी देर तक पड़े रहे। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना उनके परिजनों को दी। इसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, लेकिन अधिक खून बह जाने के कारण उनकी जान नहीं बचाई जा सकी।घटना की सूचना मिलने पर गौरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी मो. महताब खां ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए छपरा सदर अस्पताल भेजा गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।किसान की अचानक हुई मौत से परिवार में मातम पसरा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। रविवार को उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

भरत मिलाप में उमड़ी हजारों की भीड़

छपरा। शहर के साहेबगंज स्थित भरत मिलाप समारोह में उस समय माहौल भक्तिमय और भावुक हो गया,



जब 'भैया-भैया' कहते हुए भरत व शत्रुघ्न श्रीराम के चरणों में गिर पड़े। इस भावपूर्ण दृश्य को देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। शनिवार की देर रात आयोजित इस ऐतिहासिक प्रसंग को देखने के लिए शहर सहित आसपास के क्षेत्रों से हजारों की संख्या में लोग उमड़े।समारोह का उद्घाटन महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, छपरा विधायक छोटी कुमारी, महापौर लक्ष्मी नारायण गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह, विधि मंडल के पूर्व अध्यक्ष गंगोत्री प्रसाद, ओमप्रकाश गुप्ता जिलानी मोबिन सहित अन्य गणमान्य लोगों ने किया। इस अवसर पर रामलीला की भावपूर्ण झांकी भी प्रस्तुत की गई, जिसने दर्शकों का मन मोह लिया।इसके पूर्व सोनारपट्टी स्थित कठीया बाबा मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। रथ पर भरत, शत्रुघ्न और वशिष्ठ मुनि की झांकी सजाई गई थी। इस शोभा यात्रा में शिव तांडव का झांकी लोगों का काफी आकर्षक का केंद्र बना, शोभायात्रा करीमचक, कटहरी बाग, दलदली बाजार, मौना चौक, साढा ढाला, जोगिनिया कोठी और थाना चौक होते हुए देर रात साहेबगंज पहुंची। यहां श्रीराम और भरत के मिलन का मनमोहक दृश्य प्रस्तुत किया गया।भरत मिलाप को लेकर पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रही। जगह-जगह पुष्प वर्षा की गई और लोगों ने भरत और शत्रुघ्न की आरती उतारी, आयोजन को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए थे।



रेनबो क्विज प्रतियोगिता में मेधावी विद्यार्थियों ने दिखाया दमखम

छपरा। रविवार को रेनबो क्लब के तत्वावधान में अंग्रेजी ग्रामर के नरेशन चैपटर पर प्रतियोगिता का



आयोजन के क्लब के अध्यक्ष प्रो. विजय कुमार सिन्हा के आवास पर संपन्न हुई।प्रतियोगिता में 25 प्रश्न पूछे गए थे, जिनका उत्तर देने के लिए प्रतिभागियों को 50 मिनट का समय दिया गया था। प्रतियोगिता कुल 50 अंकों की थी। इसमें कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए वरीय समूह तथा कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए जूनियर समूह बनाया गया था।

वरीय समूह में समृद्धि ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। ऋषि राज द्वितीय स्थान पर रहे, सोनाली गुप्ता ने तृतीय स्थान हासिल किया। सांत्वना पुरस्कार गुरुकुल पब्लिक स्कूल की साक्षी गुप्ता को दिया गया।

जूनियर समूह में उड़ान स्कूल, छपरा के दिव्यांशु गुप्ता ने प्रथम तथा आदर्श मध्य विद्यालय के संजीत कुमार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।विजेताओं को पूर्व बीईओ कनक सिन्हा द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर अनिल कुमार, कामेश्वर प्रसाद आजाद सहित अन्य लोग उपस्थित थे। अंत में क्लब के अध्यक्ष प्रो. विजय कुमार सिन्हा ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।



बालिका खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम, विधायक छोटी कुमारी ने किया उत्साहवर्धन

छपरा(आससे)। खेलो इंडिया के तहत 24 अक्टूबर को खेल भवन, छपरा में अस्मिता वेटलिफ्टिंग सिटी टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इसमें सारण के विभिन्न विद्यालयों की बालिका खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन विधायक छोटी कुमारी, रेड क्रॉस सोसाइटी की सचिव जीनत जरीना मसीह और उदय इंटरनेशनल स्कूल की सचिव प्रीति सिंह ने संयुक्त रूप से किया।सब जूनियर वर्ग के 45 किलोग्राम में श्वेता कुमारी प्रथम, अनन्या कुमारी द्वितीय और निभा कुमारी तृतीय रहीं। 49 किलोग्राम में सुहानी सिंह, श्रेया कुमारी और साक्षी तिवारी, 53 किलोग्राम में स्वस्तिका राय, रितिका कुमारी और दीक्षा सिंह तथा 57 किलोग्राम में शालिनी कुमारी, परिधि मिश्रा और जीविका सिंह ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। 61 किलोग्राम में शाम्भवी श्रीवास्तव प्रथम और अंकिता कुमारी द्वितीय रहीं।

जूनियर वर्ग में 45 किलोग्राम में प्रिया कुमारी, 49 में अनुष्का कुमारी,



53 में रिया सिंह, 57 में वैष्णवी श्रीवास्तव और 61 किलोग्राम में रूबी कुमारी प्रथम रहीं। अन्य भार वर्गों में अमृता कुमारी, अश्विनी कुमारी और आस्था कुमारी ने भी प्रथम स्थान प्राप्त किया।

विधायक छोटी कुमारी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें आगे बढ़ने और हर क्षेत्र में पुरुषों के बराबर कदम मिलाने की प्रेरणा दी। उन्होंने यथासंभव सहयोग का आश्वासन दिया।कार्यक्रम में धर्मेंद्र कुमार साह, हरेंद्र सिंह, डॉ. मुकेश कुमार यादव (सोनू), डॉ. विकास कुमार सिंह, डॉ. रजनीश कुमार और सभापति बैठा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। आयोजन में सारण जिला भारोत्तोलन संघ के अध्यक्ष सुरेश प्रसाद सिंह, सचिव अभय प्रकाश (सोनू), कार्यकारी अध्यक्ष अतुल कुमार, उपाध्यक्ष सुमन कुमार सिंह तथा निर्णायक दल और संघ के सदस्यों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

पेंशन पुनरीक्षण समेत लंबित मांगों की उठी आवाज

छपरा। पूउरे पेंशनर्स एसोसिएशन, शाखा छपरा की मासिक बैठक भगवान बाजार स्थित भारतीय स्टेट बैंक के पराशर कॉम्प्लेक्स के ग्राउंड फ्लोर में शाखा अध्यक्ष विश्व मोहन सिंह की अध्यक्षता में हुई। उन्होंने पेंशनर्स साथियों का स्वागत करते हुए भारत सरकार से आठवें वेतन आयोग के टर्म्स ऑफ रेफरेंस (टीओआर) में पेंशनर्स को शामिल करने के लिए लिखित अधिसूचना जारी करने की मांग की। साथ ही पेंशन पुनरीक्षण और भारत पेंशनर्स समाज के ज्ञापन पर उचित निर्णय लेने की अपील की।बैठक में 65, 70 और 75 वर्ष की आयु पर क्रमशः पांच, 10 और 15 प्रतिशत पेंशन वृद्धि को संसदीय समिति की अनुशंसा के अनुसार लागू करने की मांग की गई। महंगाई राहत और अंतरिम राहत की घोषणा में देरी पर चिंता जताते हुए शीघ्र निर्णय लेने का आग्रह किया गया।



रोटी बैंक और लायंस क्लब ने पेश की मानवता की मिसाल

छपरा(आससे)। मानवता और सामाजिक सेवा की मिसाल पेश करते हुए रोटी बैंक एवं लायंस क्लब ऑफ छपरा ने दुर्घटना में घायल भिक्षु रमेश साह का ऑपरेशन कराकर उनके उपचार और आश्रय की व्यवस्था की। छपरा जंक्शन के प्लेटफॉर्म पर दो दिनों तक दर्द से कराह रहे रमेश साह को इस पहल से राहत मिली।रोटी बैंक से नियमित भोजन लेने आने वाले रमेश साह जब लगातार दो दिनों तक नहीं पहुंचे, तो रोटी बैंक के पदाधिकारी रविशंकर उपाध्याय ने सहयोगियों के साथ उनकी तलाश शुरू की। वे स्टेशन के एक कोने में असहाय अवस्था में मिले। दुर्घटना में उनका कूल्हा टूट गया था।रविशंकर उपाध्याय ने लायंस क्लब ऑफ छपरा के अध्यक्ष लायन डॉ. उज्ज्वल कुमार वर्मा से संपर्क किया। इसके बाद एंबुलेंस से उन्हें छपरा ऑर्थो केयर हॉस्पिटल पहुंचाया गया, जहां जांच के बाद ऑपरेशन कर स्टील रॉड प्रत्यारोपित की गई। समाजसेवी धर्मनाथ पिंटू के सहयोग से उन्हें आगे की देखभाल के लिए ऋषि सेवा सदन में स्थानांतरित कराया गया।

ब अदालत सब जज 4
मो. छपरा
पी.एस नं.- 611/24 बंटवारा
श्रीमती सिमा शर्मा----------मुदई
बनाम
सुदामा राय वो.----------मुदालहम

नोटिस बनाम-1. सुदामा राय पिता स्व.सिंहासन राय 2. लोला राय पिता स्व.सुदर्शन राय 3.नरेश राय पिता स्व.सिंगासन राय 4.उमेश राय 5.रमेश राय 6. बदरी राय तीनो पेसरान स्व.असर्फी राय उर्फ बुची राय 7. बंदन राय पिता स्व.असर्फी राय उर्फ बुची राय 8.पंक्षी राय 9.धुवन राय वल्दान स्व मेवा राय 10. पानपति कुअंर जौजे स्व.असर्फी राय उर्फ बुची राय 11.जीतन राय 12.शिकन्दर राय दोनो पिता स्व. सुमन राय सभी साकिनान मेथवलिया पो. महम्मद बाल थाना छपरा मुफसिल जिला- सारण

चुं बजरीये इस प्रकाशन नोटिश के द्वारा आप लोगों को सूचित किया जाता है कि आप लोगो के विरुद्ध सम्मन नोटिस एवं रजिस्ट्री नोटिश के द्वारा उपरोक्त वाद मे उपस्थित होने के लिए नोटिस भेजा गया लेकिन आप लोग उपस्थित नही हो रहे हैं। इस प्रकाशन नोटिश के द्वारा आप लोगो को आगाह किया जाता है कि दिनांक 23-11-26 समय 10.30 बजे अदालत मे हाजिर होकर अपना पक्ष रखे या जो कुछ उजुर एतराज हो पेश करे अन्यथा आप लोगो के विरूद्ध एकपक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा। इसे सख्त ताकिद जाने,

ब अदालत सब जज - 4
मो. छपरा
9/509/26

ब अदालत सब जज -प्रथम
मो. छपरा, सारण
हकियत वाद संख्या -620/25
सुनिल सिंह वो.---------- मुदई
बनाम
वीरेन्द्र सिंह वो.----------मुदालहम

नोटिस बनाम-1. वीरेन्द्र सिह वल्दान जमादार सिंह 2.योगेन्द्र सिंह 3. सत्येन्द्र सिह वल्दान स्व.जमादार सिंह सभी मौजा रीठ के टोला थाना एकमा, जिला सारण 4. मनन प्रसाद सिंह वल्द स्व.चंदेश्वर सिंह मौजा आमदाड़ी थाना एकमा, जिला सारण 5.विजय सिंह वल्द स्व.गोखुल सिंह साकिन मौजा महुवल महाल थाना हसनपुरा जिला सिवान 6.दीपक सिंह वल्द स्व. मिथिलेश सिंह 7.मोहन सिंह 8.अशोक सिंह वल्दान स्व.राजपति सिंह मुदालह 6 से 8 तक मौजा माने, थाना एकमा जिला सारण 9.अशोक सिंह 10. अजय सिंह 11. संजय सिह वल्दान जगनारायण सिह मौजा कचनार, थाना सिसवन जिला सिवान ----------मुदालह फरिक -1 12. त्रिभुवन पाण्डेय 13.अवधेश पाण्डेय वल्दान सत्यदेव पाण्डेय मौजा रीठ के टोला, पो. रीठ, थाना एकमा, जिला सारण 14.कीताबुदीन मियां वल्द चिरकूट मियां मौजा कर्णपुरा मियां टोली.पो. आमडाढी थाना एकमा छपरा 15. वीरेन्द्र पाण्डेय वल्द राम किशुन पाण्डेय 16.परशुराम सिंह वल्द श्री राम सिह 17.बच्चा सिंह 18. शम्भु सिंह 19. विनोद सिंह वल्दान स्व.पुरुषोत्तम सिह 20.संतोष सिंह 21. विपिन सिंह 22.केशव सिंह वल्दान ओम प्रकाश सिह 23. हरेन्द्र सिंह वल्द स्व.बलिराम सिंह 24.मुकेश सिंह वल्द स्व. बलिराम सिंह 25. दशरथ यादव वल्द नरसिंह यादव 25.गोपाल साह वल्द रामायण साह 26. चंदेश्वर राय वल्द पुण्यदेव राउत 27.वीरेन्द्र पाण्डेय 28.सबिता पाण्डेय वल्दान रामकिशुन पाण्डेय 29. गोपाल साह 30. बन्धु साह वल्दान स्व.रामायण साह 31.रामबाबु सिंह वल्द मुकुल देव सिंह 32.बबन राय वल्द त्रिलोक राय 33.चन्देश्वर राय वल्द मेवा राउत 34.लगनदेव यादव 35.महंथ यादव 36.ललन यादव वल्दान फौजदार राय 37.उतम यादव वल्द सिपाही यादव सभी मुदालह मौजा रीठ के टोला पो. रीठ, थाना एकमा जिला, सारण

इस प्रकाशन के माध्यम से सुचित किया जाता है कि सुनिल सिंह वल्द स्व.विधा सिह मौजा आमडाढी थाना एकमा,जिला सारण स्थाई मौजा रीठ के टोला थाना एकमा जिला सारण ने आप सबको विरुद्ध मेरे न्यायालय में हकियत वाद 620/25 दाखिल किया है जिसकी सुचना रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से सभी मुदालहम को दी गई है, परन्तु अब तक आप सभी मेरे न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए है।अतः आप सबको सुचित किया जाता है कि अगामी दि. 06.11.2026 के दिन के 10 बजे मेरे न्यायालय के समक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करे अन्यथा मुकदमे की कार्यवाही आप सभी के अनुपस्थिति मे एक पक्षीय कर दी जायेगी, मेरे हस्ताक्षर एवं मुहर के साथ दि. 15.10.26 को निर्गत किया गया।

सब जज -प्रथम
मो. छपरा, सारण
9/509/26





